## संलग्नक – 1.5

**कार्य का नाम–** प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अन्तर्गत जनपद अल्मोड़ा के विकास खण्ड चौखुटिया में भगवती से टिम्टा मोटर मार्ग का निर्माण।

प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजना के अन्तर्गत 250 से अधिक अंसयोजित बसावटों को जोडने का लक्ष्य है। प्रस्तावित परियोजना द्वारा लालुरी 157, ककडखेत 261 एवं टिम्टा 427 बसावटों के ग्रामों को जोडा जाना है। प्रस्तावित मार्ग हल्द्वानी से चौखुटिया मोटर मार्ग के किमी0 145 में भगवती नामक स्थान से प्रारम्भ होता है तथा लालुरी, टिम्टा को गांवों को जोडते हुए ककडखेत गांव को जोडेगा। मार्ग के ऊपरी ओर पहाडी की तरफ गांव स्थित है। गांवों के नीचे–नीचे मोटर मार्ग प्रस्तावित है। प्रस्तावित मोटर मार्ग की लम्बाई में मध्यवर्ती कई स्थानों पर सिविल सोयम भूमि पडती है। यदि मार्ग को गांवों के उपरी ओर से प्रस्तावित किया जाता है तो अधिक मात्रा में वन भूमि प्रस्तावित हो रही है। अतः वन भूमि की मात्रा को न्यूनतम करने हेतु यह समरेखन अनुकूल है। अन्य कोई भी वैकल्पिक समरेखन से प्रभावित होने वाली वन भूमि को कम किया जाना सम्भव नहीं है। इस मोटर मार्ग की 15.90 किमी0 लम्बाई में कुल 9.153 हैक्टेयर सिविल सोयम भूमि तथा 5.157 हैक्टेयर नाप भूमि प्रभावित हो रही है। मोटर मार्ग के प्रारम्भिक भाग में नाप भूमि स्थित है। उक्त Take off बिन्दु का अन्य विकल्प नहीं है। मार्ग के अन्तिम छोर से ककडखेत ग्राम की सीमा प्रारम्भ होती है। प्रस्तावित समरेखन में कम से कम वन भूमि एवं वृक्ष प्रभावित हो रहे है। जबकि अन्य वैकल्पिक समरेखन में अधिक मात्रा में वन भूमि व वृक्ष प्रभावित हो रहे है।

अतः प्रस्तावित समरेखन प्रभावित वन भूमि के दृष्टिकोण से सर्वथा उपयुक्त है।

| कनिष्ठ अभियन्ता, | सहायक अभियन्ता, | अधिशासी अभियन्ता, |
|---|---|---|
| पी0एम0जी0एस0वाई0 खण्ड, | पी0एम0जी0एस0वाई0 खण्ड, | पी0एम0जी0एस0वाई0 खण्ड, |
| लो0नि0वि0, द्वाराहाट | लो0नि0वि0, द्वाराहाट | लो0नि0वि0, द्वाराहाट |